# कार्यालय अधिष्ठाता

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

टेलीफोन नं. 07522–234001 Website- www.datiamedicalcollege.com
E mail Id- datiamedicalcollege@gmail.com & datiamedicalcollege2018@gmail.com
पता – 29 बटालियन के पास, एन.एच. 44, जिला दतिया, म.प्र. पिन कोड 475661

क्रमांक –6409/स्था./राज/द.चि.म./2022 दतिया, दिनांक– 20 /08/2022

### //पुनः विज्ञप्ति सूचना //

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल के ज्ञापन क्रमांक एफ–2–06/2018/1–56 दिनांक 07.04.2018 द्वारा मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 के अन्तर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया के अधीन निम्नलिखित चिकित्सीय रिक्त बैकलॉग पदों पर सीधी भर्ती के द्वारा पूर्ति की जाना है। इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 07/09/2022 शाम –5 : 00 बजे तक आमंत्रित किए जाते है।

| क्रमांक | पदनाम | कुल पद | पद का प्रकार | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | OBC | ST | SC |
| 1. | महिला चिकित्सा अधिकारी | 01 | बैकलॉग | 00 | 00 | 01 | 00 |
| 2. | आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी | 03 | बैकलॉग | 00 | 00 | 03 | 00 |

**(उपरोक्त रिक्त पदों पर नियुक्तियॉं एवं आरक्षण का निर्धारण माननीय उच्च न्यायलय, जबलपुर, म.प्र. में आरक्षण के संबंध में विचाराधीन प्रकरण में पारित निर्णय के अधीन रहेगा।)**

**उपरोक्त चिन्हित पदों में SC – अनुसूचित जाति, ST – अनुसूचित जनजाति, OBC – अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार पद आरक्षित है।**

**पदनाम,पदों की संख्या, वेतनमान, न्यूनतम आयु, शैक्षणिक योग्यता, सेवानिवृत्ति की अधिवार्षिकी आयु संबंधी विवरण**

| क्र. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन बैन्ड + ग्रेड – पे | न्यूनतम आयु सीमा | शैक्षणिक योग्यता | सेवानिवृत्ति की अधिवार्षिकी आयु |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | महिला चिकित्सा अधिकारी | 02 | 15600–39100 + 5400 | 25 वर्ष | एम.सी.आई./एन.एम.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय/संस्थान से स्नातक एम.बीं.बी.एस. परीक्षा उत्तीर्ण। | 65 वर्ष |
| | आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी | 05 | 15600–39100 + 5400 | 25 वर्ष | एम.सी.आई./एन.एम.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय, संस्थान से स्नातक एम.बी.बी.एस. परीक्षा उत्तीर्ण। | 65 वर्ष |

Scanned with CamScanner

1. पदों की संख्या अधिक / कम की जा सकती है।
2. अधिकतम आयु म.प्र. शासन के नियमानुसार होगी। आरक्षित एवं अनारक्षित वर्ग के आवेदकों को आयु सीमा मे छूट म.प्र. शासन के नियमानुसार होगी
3. म.प्र. के मूल निवासी को चयन में प्राथमिकता होगी ।
4. आयु की गणना विज्ञापन जारी होने वाली तिथि के पष्चात् आने वाली 01 जनवारी 2023 के दिनांक को आधार मानकर गणना में ली जावेगी।
5. पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय – समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।
6. जाति प्रमाण –पत्र आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जावेगा।
7. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में सेवारत व्यक्ति जो सीधी भर्ती के पद के लिये अहर्ताधारी हो सीधी भर्ती के पद के विरूद्ध आवेदन देने के लिए स्वतंत्र होगा और ऐसे आवेदन के लिये उसे नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र नही देना होगा।

**निरर्हताएँ –**

1. विकृत चित्र वाला होने पर।
2. दुष्चरित्र होने पर ।
3. शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हों।
4. नियुक्ति के लिए प्रयास /अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की साहयता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास /अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जाएगा।
5. विवाह संबंधी – जिस उम्मीदवार से न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिए 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिए 18 वर्ष ) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जाएगा। कोई भी ऐसी महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नि/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिए अपात्र होगे।
6. कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाए जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।
7. कदाचरण संबंधी – किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिए परिणामस्वरूप प्रकरण न्यायलय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के अपराध पर दोषी सिद्ध ठहराया गया हो।
8. ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतने के आपराधिक मामले मे दोषी सिद्ध हुआ हो।

**स्वास्थ्य संबंधी** – चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात् शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ पाया जाए तथा ऐसा प्रमाण पत्र जारी करें।

उपरोक्त सूची मे उल्लेखित पद पर चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति प्रथमतः दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर की जाएगी।

**उक्त नियुक्तियां म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 के अधीन होगी।**

**आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – कार्यालय अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया म.प्र. हेतु आवेदन पत्र दिनांक 07/09/2022 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया म.प्र. में प्राप्त हो जाना चाहिए।** आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्ति गत रूप से कार्यालय में जमा कराए जा सकते है। आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से कार्यालय अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया, म.प्र. में चिकित्सकीय संवर्ग हेतु आवेदन एवं आवेदित पद का नाम और आरक्षित/अनारक्षित श्रेणी का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया, म.प्र. वेबसाईट **www.datiamedicalcollege .com** पर उपलब्ध है।

**महत्वपूर्ण टीप :–** यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अहर्ताएँ और शर्तो को पूरा करते है। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अहर्ता की जॉच स्वयं कर लें और अहर्ता की समस्त शर्ते पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जाएगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जॉच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आषय से संबंधित घोषणा पत्र जो कि आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,**
**दतिया मध्यप्रदेश**

Scanned with CamScanner

# शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

## आवेदन का प्रारूप

.................................के पद हेतु आवेदन पत्र (अंतिम तिथि 07/09/2022 )

नोट :– सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जाए।

1. आवेदक का पूरा नाम (उप नाम सहित) .............................................
2. पुरूष /महिला .......................................................
3. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) :– ..........................................................................
4. वर्तमान निवास का पूर्ण पता तथा पिन कोड एवं मो. नं. :–...............................................................................................................................................................................
5. जन्म तिथि (हाई स्कूल परीक्षा की अंकसूची संलग्न करें ) ......../......../.......................
6. दिनांक ......./........../2022 आयु:– वर्ष...........माह..............दिन..............
7. आवेदक की वैवाहिक स्थिति – (विवाहित /अविवाहित) – .............................................
8. विवाह का दिनांक ..............................................................
9. वर्ग : अनारक्षित /अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)..............................(अनाक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)
10. मेडिकल काउन्सिल का पंजीयन क्रमांक, नाम तथा दिनांक – ..............................................................................
11. शैक्षणिक योग्यता :– (प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें )

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड /वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांक/पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (कृपया आवश्यक दस्तावेजो की सत्यापित प्रति संलग्न करें) ............................

स्थान ..................................

दिनांक ..............................

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

Scanned with CamScanner